Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding need for electrification of villages in tribal inhabited areas in Ratlam Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.-Laid

इंजीनियर गुमान सिंह दामोर (रतलाम): मेरा लोकसभा क्षेत्र रतलाम (मध्य प्रदेश) के जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में ग्रिड सेपरेसन नहीं होने तथा अधिकांश मजरे/पारे/फलियों में विद्‌युतिकरण नहीं होने के कारण ग्रामवासियों को विद्‌युत उपलब्धता की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है । यह समस्या रबी की फसल के समय और ज्यादा गंभीर हो जाती है । पानी की उपलब्धता होने के बावजूद रबी की फसल मात्र इसलिए नहीं ली जा पाती है, क्योंकि विद्‌युत की उपलब्धता नहीं है । मेरे लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीणों की यह सबसे बड़ी समस्या है । अनुरोध है कि इस समस्या के निराकरण हेत उचित निर्देश प्रसारित करने का कष्ट करें ।